बी.एच.डी.ए. 101/ए.एफ.डब्ल्यू.-1 (एच.)

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2015

(व्यवहारमूलक पाठ्यक्रम)

बी.एच.डी.ए. -101/ए.एफ.डब्ल्यू.-1 (एच.) : समाचार पत्र और फ़ीचर लेखन

समय : 2 घण्टे | *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए ।*

1. फ़ीचर लेखन की विशेषताएँ बताइए । *10*

अथवा

समाचार पत्र के प्रमुख अंगों का उल्लेख कीजिए ।

2. पर्यावरण सम्बन्धी फ़ीचर का अभिप्राय बताते हुए उसके विभिन्न प्रकारों पर प्रकाश डालिए । *10*

अथवा

महिला लेखन के विभिन्न क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए उनका महत्त्व भी बताइए ।

3. 'पर्यावरण के सामने मौजूद ख़तरे और स्वास्थ्य' विषय पर फ़ीचर लेख लिखिए । 10

अथवा

'आर्थिक प्रगति और रोज़गार' विषय पर फ़ीचर लेख तैयार कीजिए ।

4. किसी पठित पुस्तक की समीक्षा लिखिए । 10

अथवा

महिलाओं की सुरक्षा के सम्बन्ध में गृहमंत्री से साक्षात्कार के लिए दस प्रश्न तैयार कीजिए ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* पर लगभग 150 – 150 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए : $2 \times 5 = 10$

(क) सांस्कृतिक फ़ीचर का महत्त्व

(ख) ग्रामीण फ़ीचर के लिए विषय का चयन

(ग) कला समीक्षक के गुण

(घ) यात्रा लेखन की प्रस्तुति

(ङ) व्यक्ति-चित्र